भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 247
मंगलवार, 20 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए नियत

"भारी उद्योगों में उत्पादन में कमी"

247. श्री रमेश चन्द्र कौशिक:
श्री दिलीप शइकीया:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोरोना महामारी के कारण देश में भारी उद्योगों में उत्पादकता में भारी कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोई कार्ययोजना बनाई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) से (घ) : भारी उद्योग मंत्रालय के तहत औद्योगिक क्षेत्रों की उत्पादकता कोरोना महामारी के कारण घरेलू/वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधा, कारखानों के प्रचालन में बार-बार बाधाओं और स्थानीय कन्टेनमेंट उपायों के कारण प्रभावित हुई है।

स्थिति से निपटने तथा उत्पादन बढाने के लिए उठाए गए कदमों में अन्य बातों के साथ-साथ कोविड-19 के फैलाव को रोकन से संबंधित दिशानिर्देशों का सक्रिय प्रसार और परस्पर सुरक्षित दूरी तथा कोविड-19 के अन्य प्रोटोकॉल का पालन करना, कर्मचारियों का टीकाकरण, कंपनियों की नकदी की कमी के मुद्दों का समाधान करना, इलेक्ट्रिक वाहनों के तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण पर बल देना, उन्नत रसायन सेलों (एसीसी) के विनिर्माण हेतु उत्पादन से सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना आरंभ करना आदि शामिल हैं।

*****